समाचार

# आयुक्त ने बालको क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर साफ–सफाई कार्यो का किया निरीक्षण

**(स्वच्छता कार्यो में लापरवाही पर सफाई ठेकेदार को लगा 10 हजार रू. का अर्थदण्ड)**




कोरबा 17 जुलाई 2025 – निगम क्षेत्र के बालको नगर अंतर्गत चेकपोस्ट लालघाट होते हुए परसाभांठा, दैहानपारा, सिविक सेंटर तक के विभिन्न वार्डो व बस्तियों में व्याप्त गदंगी व सफाई कार्यो में लापरवाही सामने आने पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित सफाई ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई तथा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि साफ–सफाई कार्यो में लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अतः निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई का कार्य करें, अन्यथा कड़ी कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहें। उन्होने इस मौके पर स्वच्छता सुपरवाईजर को भी चेतावनी देते हुए कहा कि वे साफ–सफाई कार्यो की कड़ी मानीटरिंग करें तथा यह देखें कि निर्धारित मानदण्ड के अनुरूप सफाई का कार्य हो रहा है। इसी प्रकार बालको नगर अंतर्गत स्वच्छता कार्यो में लापरवाही बरतने पर सफाई ठेकेदार को 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के बालकोनगर क्षेत्रांतर्गत स्थित चेकपोस्ट लालघाट होते हुए परसाभांठा, दैहानपारा, सिविक सेंटर तक पहुंचकर वहॉ के विभिन्न मोहल्लों व गलियों का पैदल भ्रमण करते हुए साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, इस दौरान नालियों में कचरें का जमाव व काफी समय से नालियों की सफाई न होने को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जाहिर की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने समक्ष

में उपस्थित सफाई ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए अपनी गहरी नाराजगी जाहिर की तथा चेतावनी देते हुए कहा कि वे निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई का कार्य करें, नालियों की सम्पूर्ण सफाई न होने से पानी का बहाव अवरूद्ध होगा तथा गलियों व घरों में जल भराव की समस्या पैदा होगी, अतः तत्काल नालियों की सम्पूर्ण सफाई का कार्य सुनिश्चित करें, नालियों की सतह से सफाई करें। उन्होने कहा कि यदि इस पर तत्काल समुचित कार्यवाही नहीं की जाती तो संबंधित ठेकेदार पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता दीदियों व सफाई कामगारों से कहा कि वे अनिवार्य रूप से ड्रेस कोड पहनकर कचरा लेने के लिए निकले, ड्रेस पहनने से निगम के सफाई या उससे जुड़े कर्मचारी की अलग पहचान हो सके। भ्रमण के दौरान पार्षद सत्येन्द्र दुबे, बद्रीकिरण, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सतानंद द्विवेदी आदि के साथ काफी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे।

**दुकानों में डस्टबिन नहीं, लगा अर्थदण्ड** – भ्रमण के दौरान आयुक्त ने पाया कि अनेक दुकानों में डस्टबिन नहीं रखें गए, दुकानों के सामने दुकान से उत्सर्जित पन्नी, प्लास्टिक व अन्य कचरा बिखरा हुआ है, उन्होने संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, साथ ही दुकान संचालकों को समझाईश दी कि वे दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा ग्राहकों को डस्टबिन में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित करें।

**इतवारी बाजार का किया भ्रमण** – भ्रमण के दौरान सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री पाण्डेय व पार्षद अशोक चावलानी के साथ पुराने कोरबा शहर के मुख्य मार्ग, इतवारी बाजार पर किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण भी किया। इतवारी बाजार स्थित सड़क किनारे खुले में मांस मछली का विक्रय करने वालों दुकानदारों से आग्रह करते हुए कहा कि इनका विक्रय खुले में न करे, बुधवारी स्थित सर्वसुविधायुक्त मटन मार्केट में मांस मछली का विक्रय हेतु भवन दी गई है। साथ ही इतवारी बाजार अंतर्गत दुकान, ठेला गुमठी संचालकों को समझाईश दी कि वे अपनी दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा आने वाले ग्राहकों से कहे कि वे कचरे को डस्टबिन में ही डालने के लिए प्रेरित करें।